15 वाक्यगत अशुद्धियाँ और अशुद्धि शोधन

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान प्राप्त कराना।
- वाक्यगत अशुद्धियों के कारणों को समझाना।
- वाक्यगत शुद्धि के व्याकरणिक नियमों का ज्ञान प्राप्त कराना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- शुद्ध वाक्य व अशुद्ध वाक्य का पता कैसे चलता है?
- वाक्य की अशुद्धता किस-किस आधार पर हो सकती है, जैसे संज्ञा का गलत प्रयोग, लिंग का गलत प्रयोग।
- क्या वाक्य में पदक्रम संबंधी अशुद्धि हो सकती है?
- वाक्य अशुद्धि व शब्द अशुद्धि में क्या अंतर है?
- शब्द अशुद्धि क्या वाक्य अशुद्धि का हिस्सा हो सकती है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - हिंदी में पदक्रम इस प्रकार है–(1) कर्ता (2) कर्म (3) क्रिया।
  - व्याकरणिक नियमों की सही जानकारी न होने से वाक्य अशुद्ध होते हैं।
  - किसी भी भाषा पर मज़बूत पकड़ के लिए व्याकरणिक नियमों का ज्ञान पहली शर्त है।
  - वाक्य में विराम-चिह्नों के अशुद्ध या गलत प्रयोग से भी अर्थ का अनर्थ हो सकता है।
  - वाक्य प्रयोग में शब्दों के पर्याय शब्द प्रयुक्त करने पर भी अर्थ बदल सकता है।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।